हमारे समुदायों को जोड़ना

प्वाइंट कुक रोड और स्नेड्स रोड चौराहा अपग्रेड

सूचना अपडेट
नवंबर 2021



विक्टोरिया सरकार यातायात के प्रवाह और सुरक्षा में सुधार करने के लिए प्वाइंट कुक रोड और स्नेड्स रोड के चौराहे में $15.2 मिलियन का निवेश कर रही है।

हम ड्राइवरों को और अधिक जल्दी अपने डेस्टिनेशन पर सुरक्षापूर्वक पहुंचने में सहायता देने के लिए $117 मिलियन के कार्यक्रम के हिस्से के रूप में प्वाइंट कुक रोड और स्नेड्स रोड चौराहे को अपग्रेड कर रहे हैं, ताकि हम अपनी सड़कों को और अधिक सुरक्षित बना सकें और आर्थिक बहाली को प्रोत्साहन देने में सहायता कर सकें।

हम क्या कर रहे हैं

हरेक दिन प्वाइंट कुक रोड पर लगभग 32,000 वाहन और स्नेड्स रोड पर लगभग 11,000 वाहन आते-जाते हैं। अब मौजूदा चौराहा प्रभावी या सुरक्षित रूप से इस बढ़ते हुए समुदाय की वाहन और पदयात्री मांगों को पूरा नहीं कर सकता है।

चौराहे पर नई ट्रैफिक लाइटें लगाकर और प्वाइंट कुक रोड को चौड़ा बनाकर हम:

- प्वाइंट कुक रोड और स्नेड्स रोड पर यातायात के प्रवाह में सुधार करेंगे
- चौराहे पर होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या को कम करेंगे
- वाहनों के मुड़ने के समय पर उनके लिए दृश्यता और सुरक्षा को बढ़ाएंगे
- पदयात्रियों और साइकिल चालकों के लिए सड़क पार कर पाना और अधिक सुरक्षित बनाएँगे, ताकि वे बस स्टॉपों तक पहुंच सकें तथा प्वाइंट कुक रोड और स्नेड्स रोड को पार कर सकें।

परियोजना का दायरा

हम प्वाइंट कुक रोड और स्नेड्स रोड के चौराहे पर निम्नलिखित सुधार करेंगे:

- चौराहे पर नई ट्रैफिक लाइटें लगाना
- ट्रैफिक लाइटों पर पदयात्री क्रॉसिंग बनाना
- जैमिसन वे और ग्रेमर्सी बुलवार्ड के बीच प्वाइंट कुक रोड यतायात लेनों को चौड़ा करना
- लाइन के निशानों को अपडेट करना
- चौराहे पर रोशनियों को अपग्रेड करना
- पदयात्रियों और साइकिल चालकों द्वारा साझा किए जाने वाले उपयोगकर्ता मार्गों को अपग्रेड करना और उन्हें चौड़ा बनाना।

vic roads

VICTORIA State Government | Department of Transport

परियोजना की समयरेखा

आने वाले कुछ महीनों में आपको कुछ काम होते हुए दिखाई दे सकता है, क्योंकि हम गैस, बिजली, पानी और दूरसंचार सहित अन्य अनिवार्य सेवाओं का स्थान खोजकर उन्हें स्थानांतरित कर सकते हैं।

निर्माण-कार्य के कारण किसी भी प्रभाव के बारे में बताने के लिए काम शुरू करने के समय के करीब हम आपसे फिर से संपर्क करेंगे।

परियोजना का निधीकरण	अंतिम परियोजना डिज़ाइन	सेवा के स्थान की पहचान	सेवा का स्थानांतरण	प्रमुख निर्माण-कार्य आरंभ	परियोजना की समाप्ति
समाप्ति	समाप्ति	प्रगति पर	2022 के शुरुआती महीनों में	2022 के मध्य में	2023 के मध्य में



परियोजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

बगल से टकराकर दुर्घटना होने के खतरे को दूर करने के लिए अब प्वाइंट कुक रोड पर वाहन दाईं ओर नहीं मुड़ सकेंगे।

हमारा सड़क सुरक्षा आकलन यह बताता है कि ड्राइवरों के लिए दाईं ओर मुड़कर कई लेनों को पार करना सुरक्षित नहीं है।

मिडल पार्क ड्राइव से निकासी में स्थाई परिवर्तन:

- जो वाहन मिडल पार्क ड्राइव में प्रवेश करना चाहते हैं, वे जैमीसन वे/ सैंक्चुएरी लेक्स बुलवार्ड राउंडएबाउट का उपयोग करके प्वाइंट कुक रोड पर दक्षिण दिशा में आगे जाते हुए मिडल पार्क ड्राइव में बाईं ओर मुड़कर ऐसा कर पाएँगे।
- जो वाहन जैमिसन वे/ सैंक्चुएरी लेक्स बुलवार्ड की ओर जाने के लिए मिडल पार्क ड्राइव से निकासी करना चाहते हैं, उन्हें प्वाइंट कुक रोड पर बाएं मुड़ने और फिर स्नेड्स रोड पर नए सिग्नल-युक्त चौराहे पर यू-टर्न करने की आवश्यकता होगी।

प्वाइंट कुक विलेज से निकासी में स्थाई परिवर्तन:

- जो वाहन प्वाइंट कुक विलेज में प्रवेश करना चाहते हैं, वे पहले की तरह ही यह कर पाने में सक्षम होंगे।
- स्नेड्स रोड की ओर यात्रा करने के लिए प्वाइंट कुक विलेज से बाहर निकलने वाले वाहनों को बाएं मुड़ने और फिर जैमिसन वे/ सैंक्चुएरी लेक्स बुलवार्ड में राउंडएबाउट का उपयोग करने की आवश्यकता होगी।

क्या आप पेड़ों को हटा रहे/रही हैं?

सुरक्षा अपग्रेडों को सुविधाजनक बनाने के लिए हमें स्नेड्स रोड और जैमिसन रोड के बीच प्वाइंट कुक रोड के पूर्वी और पश्चिमी किनारों पर पेड़ों को हटाने की आवश्यकता होगी। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए विंडहैम सिटी काउंसिल के साथ काम किया है कि पेड़ों को हटाने का कार्य कम से कम रखा जाए। विंडहैम सिटी काउंसिल के स्वामित्व के तहत आने वाले जिन पेड़ों को हटाने की आवश्यकता है, उनका पुनरुपयोग करने पर विचार किया जाएगा।

क्या आपको और अधिक जानकारी की आवश्यकता है?

साइन अप करें

यदि आप परियोजना के साथ अप-टु-डेट रहना चाहते/चाहती हैं, तो वेबसाइट पर जाकर हमारी मेलिंग सूची के सदस्य बनें। हमारी वेबसाइट पर यह अपडेट मंदारिन, हिंदी, कैंटोनीज़, इंडोनेशियाई और पंजाबी भाषाओं में भी उपलब्ध है।

क्या आपके पास कोई प्रश्न हैं?

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखें या ईमेल के माध्यम से परियोजना टीम से संपर्क करें।

और अधिक जानकारी के लिए

वेबसाइट: vicroads.vic.gov.au और सर्च करें: 'Point Cook Road and Sneydes Road intersection upgrade'

फोन: **13 11 71** (टीटीवाई **13 36 77**, स्पीक एंड लिसन **1300 555 727**)

ईमेल: MNW.Communications@roads.vic.gov.au

PTV H5189 STU03211 11.21 Authorised by the Department of Transport, 1 Spring Street, Melbourne